संपादकीय

# अडानी विवाद की संसदीय जांच की मांग

अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने कहा है कि वहां सौर ऊर्जा संबंधी ठेके दिलवाने और उन परियोजनाओं में पैसा लगाने पर अमेरिकी निवेशकों को राजी करने के लिए अडानी ने भारतीय अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने का वादा किया।

उद्योगपति गौतम अडानी और उनके कारोबार पर अब बड़ा घेरा पड़ गया है। नया मामला हिंडनबर्ग रिपोर्ट जैसा नहीं है, क्योंकि इस बार अडानी और उनके उद्योग समूह से जुड़े कई प्रमुख लोगों पर अभियोग अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने लगाया है। जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर मंत्रालय ने कहा है कि अमेरिका में सौर ऊर्जा संबंधी ठेके दिलवाने और उन परियोजनाओं में पैसा लगाने पर अमेरिकी निवेशकों को राजी करने के लिए अडानी ने भारतीय अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने का वादा किया।

जिन पर अभियोग लगा है, उनमें गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और अडानी समूह की अक्षय ऊर्जा कंपनी के बड़े अधिकारी विनीत एस. जैन शामिल हैं।

खबरों के मुताबिक अमेरिका की अदालत में पेश करने के लिए वहां के अधिकारी आरोपित व्यक्तियों के प्रत्यर्पण की मांग भारत सरकार से कर सकते हैं।

भारत सरकार इस पर राजी होगी या नहीं- यह दीगर बात है। निर्विवाद रूप से ताजा घटना अडानी के लिए उससे कहीं बड़ा झटका है, जैसा पिछले साल उसे हिंडनबर्ग रिपोर्ट से लगा था।

उस रिपोर्ट में इल्जाम लगाया गया था कि अडानी समूह ने अपने शेयरों के भाव को फर्जी ढंग से बढ़ाया और एकाउंटिंग में धोखाधड़ी की।

ताजा खबर के ठीक पहले शेख हसीना सरकार के समय बांग्लादेश में अडानी को हुए बिजली परियोजना आवंटन की जांच के लिए विशेषज्ञों की समिति बनाने का समाचार आया था। यह भी चर्चा है कि श्रीलंका की नई सरकार वहां अडानी समूह को मिली परियोजना की समग्र जांच कराने पर विचार कर रही है। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में अडानी की परियोजनाओं पर भी हाल मे विवाद बढ़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डॉनल्ड ट्रंप के जीतते ही गौतम अडानी ने वहां दस बिलियन डॉलर के निवेश का एलान किया था।

अब यह इरादा भी खटाई में पड़ सकता है। इन तमाम सूचनाओं से भारतीय शेयर बाजार को हिचकोले लगना और साथ ही देश में सियासी विवाद गरमाना लाजिमी है।

उचित तो यह है कि कम-से-कम अब नरेंद्र मोदी सरकार अडानी विवाद की संसदीय जांच कराने पर राजी हो जाए।

# निजी पूंजीगत व्यय, कृषि वृद्धि, और बढ़ती खपत से जीडीपी में तेज उछाल की उम्मीद

नई दिल्ली




भारत की दूसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि में गिरावट को अस्थायी माना जा रहा है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, जीडीपी वृद्धि में यह गिरावट मौसमी मानसून के प्रभाव और चुनाव संबंधी कारकों की वजह से रही।

जानकारों का कहना है कि वित्त वर्ष 2025 की जनवरी-मार्च अवधि तक इसमें सुधार आना शुरू हो जाना चाहिए। वहीं, इक्विटी बाजारों के लिए, इस डेटा का कोई खास प्रभाव पडऩे की संभावना नहीं देखी जा रही।

ओमनीसाइंस कैपिटल के सीईओ और मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. विकास गुप्ता ने कहा, मार्केट सेंटीमेंट में किसी भी तरह का शॉर्ट-टर्म डिप सरप्लस फंड वाले निवेशकों के लिए लॉन्ग-टर्म पॉजिशन बनाने का अवसर ला सकती है क्योंकि प्रमुख खपत और सेवा क्षेत्रों में मजबूती देखी जा रही है।

निजी खपत में 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो जीडीपी वृद्धि दर और वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में दर्ज 2.6 प्रतिशत दोनों से काफी अधिक है। जिन्हें डेटा में सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

डॉ. विकास गुप्ता ने आगे कहा, निजी खपत में कमजोरी के बारे में हाल की चिंताएं दूर हो गई हैं। सरकारी खपत में पिछली तिमाही से सुधार हुआ है, लेकिन पिछले साल की समान अवधि की तुलना में यह कम है, जो चुनावों से पहले खर्च को लेकर बरती गई सतर्कता को दिखाता है।

प्राथमिक सेक्टर ने मामूली जीवीए वृद्धि के साथ स्थिरता दिखाई, हालांकि खनन मानसून से प्रभावित हुआ।

द्वितीयक सेक्टर में, निर्माण क्षेत्र ने मजबूत प्रदर्शन जारी रखा।

सबसे खास बात तृतीयक क्षेत्र रहा, जिसने 7.1 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की, जो निजी और सरकारी खपत के लचीलेपन को दर्शाता है।

बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्री जाह्नवी प्रभाकर के अनुसार, नरमी के बावजूद, निजी खपत ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 6 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की, जो वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 2.6 प्रतिशत थी।

अनुकूल मानसून और उच्च खरीफ उत्पादन के समर्थन से, कृषि क्षेत्र ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 3.5 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दिखाई, जबकि वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 1.7 प्रतिशत थी।

प्रभाकर ने कहा, सरकारी और निजी पूंजीगत व्यय, मजबूत कृषि विकास और उपभोग मांग में उछाल के कारण वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में तेज उछाल की उम्मीद है, वित्त वर्ष 2025 के लिए जीडीपी वृद्धि 6.6-6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

रियल एस्टेट की मांग स्थिर बनी हुई है। रियल एस्टेट बाजार के प्रति खरीदार की रुचि और डेवलपर की भावना दोनों स्थिर बनी हुई है।

## भारतीय एबीएफसी का एयूएम वित्त वर्ष 2025 से 2026 के बीच 17 प्रतिशत तक की दर से बढ़ेगा

नई दिल्ली




भारतीय नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों (एनबीएफसी) की एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) वृद्धि दर वित्त वर्ष 25 और वित्त वर्ष 26 में 15 से 17 प्रतिशत के बीच रह सकती है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई।

क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई कि एयूएम वृद्धि दर वित्त वर्ष 14 से वित्त वर्ष 24 के बीच हुई औसत वृद्धि 14 प्रतिशत से ऊपर रहेगी।

एनबीएफसी के दो सबसे पारंपरिक सेगमेंट वाहन और होम लोन, जिनका कुल एयूएम में 45 प्रतिशत योगदान है, आगे भी एयूएम में वृद्धि में अहम भूमिका निभाएंगे।

रिपोर्ट में कहा गया कि होम लोन के 13-14 प्रतिशत के स्थिर सीएजीआर से बढऩे की उम्मीद है क्योंकि नीतिगत पहल जैसे कि ब्याज सब्सिडी योजना की पुन: शुरूआत से पूरे सेक्टर को फायदा होगा।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि हाउसिंग फाइनेंस कंपनी (एचएफसी), जिनका फोकस 25 लाख रुपये के लोन पर होता है। उनकी चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) 22 से लेकर 23 प्रतिशत तक रहने की उम्मीद है। इस दौरान वाहन फाइनेंस सेगमेंट 15 से 16 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, नए वाहनों की यूनिट्स में बिक्री वृद्धि कम रहेगी, लेकिन उच्च वैल्यू वाले वाहनों के खरीदे जाने के कारण एयूएम वृद्धि दर को सहारा मिलेगा। इससे एनबीएफसी के वाहन लोन सेगमेंट में वृद्धि होगी।

क्रिसिल रेटिंग्स के सीनियर डायरेक्टर, अजीत वेलोनी ने कहा कि अधिकांश बड़ी एनबीएफसी ने पिछली तीन तिमाहियों में पूंजी बाजार उपकरण, विदेशी मुद्रा में उधार और प्रतिभूतिकरण जैसे वैकल्पिक फंडिंग स्रोतों का उपयोग किया है।

## नवंबर में सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया की बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर पहुंची 94,370 यूनिट

नई दिल्ली

सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया ने नवंबर 2024 के लिए अपनी बिक्री के आंकड़ों की जानकारी दी है। जापानी ब्रांड की भारतीय इकाई ने इस साल नवंबर में 94,370 यूनिट बेची, जो नवंबर 2023 की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक है। बीते साल समान अवधि में कंपनी ने 87,096 यूनिट की बिक्री की थी।

इस साल नवंबर में कंपनी की घरेलू बिक्री सालाना आधार पर 7 प्रतिशत वृद्धि के साथ 78,333 यूनिट रही। बीते साल नवंबर में कंपनी की कुल घरेलू बिक्री 73,135 यूनिट रही थी। बीते महीने नवंबर में कंपनी के निर्यात में भी सालाना आधार पर 15 प्रतिशत का उछाल रहा, जो नवंबर 2023 में 13,961 यूनिट की तुलना में इस बार 16,037 यूनिट था।

नवंबर के बिक्री प्रदर्शन को लेकर सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में सेल्स, मार्केटिंग और आफ्टर सेल्स के कार्यकारी उपाध्यक्ष देवाशीष हांडा ने कहा, बिक्री में यह उछाल ग्राहकों का सुजुकी दोपहिया वाहनों के प्रति विश्वास को दिखाता है।

## भारत में वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में एआईएफ निवेश 4.49 लाख करोड़ रहा

मुंबई



भारत में वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही (अप्रैल से सितंबर) में अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड (एआईएफ) निवेश करीब 4.5 लाख करोड़ रुपये रहा है। इसकी वजह देश की अर्थव्यवस्था का तेजी से बढऩा है। यह जानकारी सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।

एनारॉक रिसर्च द्वारा संकलित ताजा सेबी डेटा से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही तक विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कुल 4,49,384 करोड़ रुपये के एआईएफ निवेश में रियल एस्टेट की हिस्सेदारी सबसे अधिक 75,468 करोड़ रुपये या 17 प्रतिशत थी।

एनारॉक की रिपोर्ट में बताया गया कि समीक्षा अवधि में अन्य क्षेत्रों आईटी/आईटीईएस में 27,815 करोड़ रुपये, वित्तीय सेवाओं में 25,782 करोड़ रुपये , एनबीएफसी में 21,503 करोड़ रुपये, बैंकों में 18,242 करोड़ रुपये, फार्मा में 17,272 करोड़ रुपये, एफएमसीजी में 11,680 करोड़ रुपये, रिटेल में 11,389 करोड़ रुपये, रिन्यूएबल एनर्जी में 10,672 करोड़ रुपये और अन्य क्षेत्रों में 2,29,571 करोड़ रुपये का एआईएफ निवेश आया है।

भारत में एआईएफ में निवेश के लिए उपलब्ध फंडों की संख्या में बीते एक दशक में मजबूत वृद्धि देखी गई है। पिछले छह वर्षों में एआईएफ की समग्र प्रतिबद्धता में 340 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। यह वित्त वर्ष 2019 में 2,82,148 करोड़ रुपये से बढक़र वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में 12,43,083 करोड़ रुपये हो गई, जो अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड में निवेश के रुझान को दिखाती है।

वित्त वर्ष 2013 से लेकर वित्त वर्ष 2024 के बीच एफआईएफ में निवेश प्रतिबद्धता में 83.4 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़त देखने को मिली है, जो दर्शाता है कि व्यापक निवेश पारिदृश्य में इसका महत्व बढ़ता जा रहा है।

## ना कल्कि, ना देवरा, लकी भास्कर बनी फिल्म ऑफ द ईयर, ओटीटी पर छाई दुलकर सलमान की थ्रिलर मूवी



साउथ फिल्म इंडस्ट्री के कूल एक्टर दुलकर सलमान की नई फिल्म लकी भास्कर ओटीटी पर रिलीज हो गई है. फिल्म में दुलकर सलमान के साथ मीनाक्षी चौधरी स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आई है. फिल्म की रिलीज होते ही लोग सोशल मीडिया पर अपना रिव्यू साझा कर रहे हैं. दुलकर सलमान की कॉमन मैन वाली यह स्टोरी लोगों काफी पंसद आ रही हैं.

लकी भास्कर आज से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है. नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर लकी भास्कर से दुलकर सलमान का पोस्टर साझा किया है और कैप्शन में लिखा है, स्कैम से ज्यादा थ्रिलिंग क्या हो सकता है? इसे सामने आते देखना. अब नेटफ्लिक्स पर तेलुगू, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में लकी भास्कर देखें.

दुलकर सलमान की थ्रिलर मूवी को लेकर एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर काफी सारे रिव्यू आए हैं. एक एक्स यूजर ने फिल्म के एक-एक प्वाइंट के बारे में बताया है. यूजर ने फिल्म को 5 स्टार में से 4.5 स्टार देते हुए पोस्ट में लिखा है, यह फिल्म भास्कर नाम के एक बैंक कर्मचारी की कहानी है, जो अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में चुनौतियों सामना करता है. 90 के दशक के अंत का सेट अप शानदार है और बेहतरीन ड्रेस देखने में अमैडजिंग लगा. स्ट्रॉन्ग कास्ट और बेहतरीन साउंडट्रैक फिल्म को और बेहतर बनाते हैं.

एक यूजर ने लिखा है, इस शख्स को मेरा सलाम, जीवी प्रकाश कुमार की याद आज भी मेरे दिमाग में है, जब मैंने इसे थिएटर में देखा था. यह फिल्म राष्ट्रीय पुरस्कारों में बेस्ट म्यूजिक की हकदार है. मैं इसके लिए कामना और प्रार्थना करता हूं.

एक दूसरे यूजर ने लिखा है, दुलकर सलमान के लिए सबसे बेहतरीन एलिवेशन सीन में से एक और यह कोई एक्शन सीन नहीं है. ग्रेट राइटिंग यही कर सकता है. जबकि एक यूजर ने तो लकी भास्कर को फिल्म ऑफ द ईयर करार दिया है. इसने लिखा है, ना कल्कि...ना देवरा... मेरे लिए लकी भास्कर फिल्म ऑफ द ईयर है.

## लाल निशान में खुला भारतीय शेयर बाजार, निफ्टी 24200 से नीचे

मुंबई

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को लाल निशान में खुला। शुरुआती कारोबार में पीएसयू बैंक और फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में बिकवाली देखी गई।

सुबह करीब 09:42 बजे सेंसेक्स 140.80 अंक या 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,661.99 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 12.25 अंक या 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,118.85 पर कारोबार कर रहा था।

बाजार का रुख सकारात्मक रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,254 शेयर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,076 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

बाजार के जानकारों का कहना है कि दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े बाजार को प्रभावित कर सकते हैं, लेकिन इसका बहुत बड़ा असर होने की संभावना नहीं है।

उन्होंने आगे कहा, अगर बाजार में तेज गिरावट आती है, तो यह खरीदारी का मौका हो सकता है, क्योंकि घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) गिरावट के दौरान खरीदारी जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि फार्मा, टेलीकॉम और डिजिटल कंपनियों जैसे सेगमेंट, जो मंदी से प्रभावित नहीं हैं, उन्हें गिरावट पर खरीदा जा सकता है।

विकास में मंदी के संदर्भ में, आरबीआई 6 दिसंबर को सीआरआर में कटौती कर सकता है।

जानकारों ने कहा, जब सीपीआई मुद्रास्फीति 6.2 प्रतिशत पर चल रही है, तो एमपीसी द्वारा दरों में कटौती की संभावना नहीं है। सीआरआर में कटौती बैंकों के लिए सकारात्मक होगी और इसलिए बैंकिंग शेयरों में लचीलापन आने की संभावना है।

निफ्टी बैंक 177.45 अंक या 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51,878.15 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 178.90 अंक या 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 56,571.55 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 80.85 अंक या 0.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,731.80 पर था।

डेली निफ्टी ट्रेंड और मार्केट शॉर्ट-टर्म आउटलुक पर, एक्सिस सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख अक्षय चिंचलकर ने कहा, शुक्रवार को निफ्टी को लेकर बुलिश बेल्ट-होल्ड फोर्मेशन देखी गई, क्योंकि पिछले दिन के नुकसान की काफी हद तक भरपाई हो गई थी।

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे।

***वृष:*** आज आपके दिन की शुरुआत शांत मन होगी। आज आपके धन-धान्य में वृद्धि होने के योग हैं। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आपकी सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

***मिथुन:*** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। छात्र छात्राओं को अपने काम को कल पर नहीं टालना चाहिए, आपको जब भी खाली समय मिले अपने काम को पूरा कर ले।आर्थिक स्थिति आपकी बेहतर रहेगी।

***कर्क:*** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपको महसूस होगा की परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व है। आपको ऐसी जगह से महत्वपूर्ण बुलावा आएगा, जहां से आपने कभी कल्पना भी नहीं की हो।

***सिंह:*** आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन काम करने में लगा रहेगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा।

***कन्या:*** आज का दिन आपके लिए दिन बदलाव से भरा रहने वाला है। जो लोग पैतृक व्यवसाय कर रहे हैं व्यवसाय में कुछ बदलाव के लिए अपने पिताजी से बातचीत करेंगे। आज पड़ोस में हो रहे भजन, कीर्तन में परिवार के साथ सम्मिलित होंगे।

***तुला:*** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अपने माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं।

***वृश्चिक:*** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, मौसम में परिवर्तन की वजह से थोड़ी परेशानी हो सकती है। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा।

***धनु:*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों की अच्छी इनकम होगी। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे।

***मकर:*** आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। आज आपकी उदासी की वजह आपकी नेगेटिव सोच हो सकती है। आपको परिवार में फिर से खुशी का माहौल बनाने के लिए जल्द से जल्द इस से बाहर आने की जरूरत है।

***कुंभ:*** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी।

***मीन:*** आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे। कोई नया अनुभव आपको मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

## सूर्या 44 में डांस नंबर करती दिखेंगी श्रिया सरन, गाने की रिलीज पर दिया बड़ा अपडेट



श्रिया सरन को आखिरी बार 2024 की हिंदी वेब सीरीज शोटाइम में देखा गया था। अभिनेत्री के वर्कफ्रंट को लेकर चर्चा जोरो पर है। बीते दिनों खबरें थीं कि श्रिया फिल्म निर्माता कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित अस्थायी शीर्षक वाली फिल्म सूर्या 44 से जुड़ गई हैं। वहीं, अब इन रिपोर्ट्स पर खुद अभिनेत्री ने पक्की मुहर लगा दी है। साथ ही अपने बयान से प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ाती नजर आई हैं।

अभिनेत्री श्रिया सरन ने हाल ही में कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित एक गैंगस्टर ड्रामा सूर्या 44 में स्पेशल डांस नंबर में अपनी भागीदारी की पुष्टि की। गोवा में 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में अपनी भूमिका के बारे में बोलते हुए उन्होंने खुलासा किया, मैंने सूर्या सर की फिल्म में एक गाना शूट किया है। इसे शूट करने का अनुभव काफी अच्छा रहा। मुझे लगता है कि गाना दिसंबर में आ रहा है।

गोवा में एक विशेष रूप से निर्मित सेट पर फिल्माया गया यह गाना श्रिया की सुंदरता और ऊर्जा को उजागर करते हुए एक शानदार विजुअल ट्रीट देने का वादा करता है। इस डांस नंबर में सूर्या भी हैं। यह गाना निश्चित रूप से फिल्म के मुख्य आकर्षण में से एक होगा। श्रिया ने अपने आगामी पैन-इंडिया प्रोजेक्ट पर भी बात करते हुए कहा, मैं एक आगामी पैन-इंडिया प्रोजेक्ट पर काम कर रही हूं, और शूटिंग तीन दिनों में शुरू होगी।

## वरुण तेज की मटका अपनी ओटीटी रिलीज को तैयार, 5 दिसंबर से अमेजन प्राइम वीडियो पर होगी स्ट्रीम



वरुण तेज और नोरा फतेही की पैन इंडिया फिल्म मटका को 14 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।

रिपोर्ट के मुताबिक, मटका ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर महज 2.31 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।अब मटका अपनी ओटीटी रिलीज को तैयार है, जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं।

मटका का प्रीमियर 5 दिसंबर, 2024 से ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर होने जा रहा है।निर्माताओं ने इसकी जानकारी देते हुए लिखा, जोखिम, इनाम और जुआ- मटका वासु रिंगमास्टर है जो इन सब पर राज करता है।

## सर्दियों में तमाम लोग नहाते हुए करते हैं ये गलती, डैंड्रफ की है सबसे बड़ी वजह

हर दिन नहाना लाइफस्टाइल से जुड़ी एक आदत है. जब तक आप गंदे या पसीने से तर न हो तब तक नहाने की कोई खास जरूरत है. हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक नहाने से आपकी त्वचा से हेल्दी ऑयल और बैक्टीरिया निकल जाते हैं. इसलिए ज्यादा नहीं नहाना चाहिए. बार-बार नहाने से आपकी त्वचा रूखी और खुजलीदार हो सकती है और खराब बैक्टीरिया फटी त्वचा के ज़रिए आपके शरीर में प्रवेश कर सकते हैं. जब आप अपने शरीर को सामान्य गंदगी और बैक्टीरिया के संपर्क में लाते हैं. तो यह वास्तव में आपकी इम्युनिटी प्रणाली को मज़बूत करने में मदद करता है.

**नहाते वक्त ये गलती भूल से भी न करें-** एंटीबैक्टीरियल साबुन बहुत ज़्यादा बैक्टीरिया को मार सकते हैं. जिसमें अच्छे किस्म के बैक्टीरिया भी शामिल हैं. इससे एंटीबायोटिक के प्रति प्रतिरोधी खराब बैक्टीरिया त्वचा में प्रवेश कर सकते हैं. कठोर साबुन आपकी त्वचा को रूखा कर सकते हैं. इसलिए अतिरिक्त तेल वाले हल्के साबुन, सौम्य क्लींजर या मॉइस्चराइजर वाले शॉवर जेल का इस्तेमाल करें. अगर आपको एक्जिमा या संवेदनशील त्वचा है. तो सुगंधित साबुन आपकी त्वचा को परेशान कर सकते हैं. इसके बजाय सुगंध रहित साबुन का इस्तेमाल करें.

**सप्ताह में तौलिए को एक बार जरूर धोएं-** नम तौलिए बैक्टीरिया, यीस्ट, फफूंद और वायरस के लिए प्रजनन स्थल होते हैं. गंदे तौलिये से नाखूनों में फंगस, जॉक खुजली, एथलीट फुट और मस्से हो सकते हैं. इससे बचने के लिए, अपने तौलिये को सप्ताह में कम से कम एक बार बदलें या धोएं और सुनिश्चित करें कि यह उपयोग के बाद सूख जाए. इसे जल्दी सूखने में मदद करने के लिए हुक से लटकाने के बजाय तौलिया बार पर फैलाकर लटकाएं. जब आप बीमार हों और अगर आपका घर नमी वाला हो. जैसे गर्मियों के दौरान, तो तौलिये को ज़्यादा बार धोएं.

**लूफा को ऐसे साफ करें-** लूफा स्क्रबिंग के लिए बहुत बढिय़ा होते हैं. लेकिन उनके कोने कीटाणुओं के लिए एकदम सही छिपने की जगह होते हैं. आपको अपने लूफा को हर हफ़्ते पांच मिनट के लिए पतला ब्लीच में भिगोकर और अच्छी तरह धोकर साफ़ करना चाहिए. हालांकि अपने लूफा को शॉवर में रखना सुविधाजनक है. लेकिन इसे हिलाकर किसी ठंडी जगह पर टांग देना ज़्यादा सुरक्षित है जहां यह जल्दी सूख जाएगा .आपको प्राकृतिक लूफा को कम से कम हर 3 से 4 हफ़्ते में और प्लास्टिक वाले को हर 2 महीने में बदलना चाहिए.

## शब्द सामर्थ्य- 254

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 253 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | | म | हा | र | त |
| क | | ह | | | | | ज | न |
| | जा | न | की | | क | म | नी | य |
| | | त | म | क | ना | | | |
| म | | | त | ह | त | | दा | ब |
| सी | मा | | | ला | | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | | वा | | च |
| | | द | | | घा | ल | मे | ल |
| | ब | द | ह | वा | स | | | न |

## सू-दोकू- 254

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र253 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |